# कोलन की जाँच कराइये!

**अभिजीतः** राशि, डॉक्टर के यहां से कॉल आई थी, वो कह रहे थे कि अगले सप्ताह उनसे मिलने जाना है। हमें किस लिए जाना है?

**राशिः** अरे भाई, हम इसके बारे में बात कर चुके हैं! चूँकि हम दोनों ने ही हाल में अपना 50वां जन्मदिन मनाया है, हमें कोलन कैंसर की जांच करानी है।

**अभिजीतः** सच पूछो तो मैं इस इरादे में बैठा था कि तुम भूल गई होगी।

**राशिः** लेकिन मैं नहीं भूली। मैंने कई सप्ताह पहले ही डॉक्टर से मिलने का समय तय कर लिया था। तो अगले मंगलवार को खाली रखना।

**अभिजीतः** क्या हमें जाना ही होगा? आखिर, इसमें कौन सी बड़ी चीज़ रखी है?

**राशिः** बड़ी चीज़ तो कोलन कैंसर है! याद है राज के परिवार पर क्या बीती थी जब वो बीमार था? तुम्हें कुछ हो जाए तो मैं क्या करूंगी?

**अभिजीतः** चलो, दूसरी बातें करते हैं।

**राशिः** अच्छा, तो पक्का हो चुका। हम दोनों कोलन की जाँच कराएंगे। अगर कोई छोटा मस्सा आदि मिल जाए, तो वे उसे निकाल देंगे ताकि वह कैंसर न बनने पाए!

**अभिजीतः** ठीक है, बाबा। लेकिन उनके जाँच करने का तरीका मुझे पसंद नहीं है।

**राशिः** वह इतना बुरा भी नहीं है। और इससे तुम्हारी जान बच सकती है।

## क्या आपको मालूम था?

- कोलन कैंसर के लिए कई तरह की जाँचें होती हैं। अपने डॉक्टर से पूछें कि कौन सी जाँच आपके लिए सही है।
- कोलोनॉस्कोपी के द्वारा मस्सों (पॉलिप्स) को खोजकर इन्हें निकाला जा सकता है, इससे पहले कि वो कैंसर बन जाएं।
- अगर आपके मलाशय से खून बहता है या आपके पाख़ाने में खून आता है, तो डॉक्टर से मिलने जाएं।

**कोलन कैंसर पर जानकारी पाने के लिए इस नंबर पर फ़ोन कीजिएः**

1.800.227.2345

American Cancer Society®

Get help anytime.

**1.800.227.2345 / www.cancer.org**

© 2012 by the American Cancer Society, Inc. Available at www.cancer.org/easyreading. COL.HIN.0406